आज

प्रथम पृष्ठ के शेष

चीन के बाद दूसरे देशों में भी फैली निमोनिया...

हालाँकि, एम्बॉर्ग ने कहा कि ये मामले डेनमार्क के लिए असामान्य नहीं₹ हैं, जो ऐतिहासिक रूप से लगभग हर चार साल में माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण की राष्ट्रव्यापी महामारी का सामना करता है। उन्होंने कहा कि यह घटना आम तौर पर शरद ऋतु और शुरूआती सर्दियों में सबसे अधिक होती है। एम्बॉर्ग ने कहा, ₹पिछले चार वर्षों से, माइकोप्लाज्मा संक्रमणों की संख्या बेहद कम रही है, और इसलिए यह असामान्य नहीं है कि हमारे समक्ष अब एक महामारी है। कोविड-19 महामारी के बाद देश में लॉकडाउन लगाने के बाद हम वास्तव में इसका इंतजार कर रहे थे।₹ यह रोग अक्सर हल्के फ्लू जैसे लक्षणों के साथ थकान, सिरदर्द, गले में खराश और लंबे सम्काय तक सूखी खांसी, विशेष रूप से रात में होने वाली खांसी के रूप में आता है। विशाल बहुमत को बुखार है, लेकिन अक्सर इन्फ्लूएंजा और अन्य क्लासिक निमोनिया जितना तेज बुखार नहीं होता है। पोस्ट में कहा गया है कि इसने इसे 'कोल्ड निमोनिया' या 'एटिपिकल निमोनिया' उपनाम दिया है, क्योंकि नियमित पेनिसिलिन का भी संक्रमण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। संक्रामक रोग समाचार संदेश बोर्ड फ़्लूट्रैकर्स पर एक सरकारी निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह नीदरलैंड ने अगस्त के बाद से बच्चों और युवाओं में निमोनिया के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। नीदरलैंड इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ सर्विसेज रिसर्च (एनआईवीईएल) के अनुसार, पिछले सप्ताह 5 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक एक लाख बच्चों में से 103 को निमोनिया का सामना करना पड़ा। एनआईवीईएल के आंकड़ों से पता चलता है कि यह पिछले सात दिन में दर्ज किए गए 83 से 24 प्रतिशत अधिक था। यह कथित तौर पर हाल के वर्षों में एनआईवीईएल द्वारा दर्ज किया गया निमोनिया का सबसे बड़ा प्रकोप है। पीक फ़्लू सीजन के दौरान 2022 में हर सप्ताह औसतन 58 बच्चे निमोनिया से बीमार पड़े। इसी अवधि में चार साल से कम उम्र के बच्चों के मामले भी प्रति एक लाख पर 124 से बढ़कर 145 हो गए। नीदरलैंड के स्थानीय मीडिया ने बताया कि न तो एनआईवीईएल और न ही राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संस्थान निमोनिया के बढ़ते मामलों के पीछे का कारण बता पा रहे हैं। इस बीच लैंसेट की एक नई रिपोर्ट से पता चलता है कि अप्रैल के बाद से सिंगापुर और स्वीडन सहित कई देशों में कोविड के बाद माइकोप्लाज्मा निमोनिया के मामले फिर से बढ़े हैं। इन देशों में निमोनिया के बढ़ते मामले चीन में बाल चिकित्सा अस्पतालों और क्लीनिकों में माइकोप्लाज्मा निमोनिया के मामले बड़ी संख्या में आने की रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आते हैं। चीन में श्वसन संक्रमण में वृद्धि ने यह आशंका पैदा कर दी कि वृद्धि के पीछे एक नया रोगजनक था, हालाँकि उसने इसे खारिज कर दिया। चीनी अधिकारियों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को सूचित किया कि प्रकोप में किसी भी नए रोगजनक का पता नहीं चला है, और इसकी बजाय बीमारियाँ फ्लू और आरएसवी जैसे ज्ञात मौसमी वायरस के साथ-साथ बैक्टीरिया माइकोप्लाज्मा निमोनिया के कारण हुईं।

रिकवरी और पुनर्निर्माण के लिए 1658.17...

घटना भयावह सपने के तौर पर सामने आई थी. बता दें कि जोशीमठ के नदियों से घिरे होने के कारण यहां जमीन के नीचे और ऊपर पानी का बहाव झरने की तरह लगातार होता रहता है. इससे तल पर नमी हमेशा बनी रहती है. जोशीमठ जहां स्थित है. उस इलाके में जमीन के भीतर की चट्टानें कमजोर हैं, जो नमी के प्रभाव से धंस रही है. जोशीमठ के ऊपर के इलाके में काफी बर्फबारी और तेज बारिश होती है. मौसम बदलता है और बर्फ पिघलती है, तब जोशीमठ के चारों ओर नदियों में पानी का बहाव तेज हो जाता है. सतह के कमजोर होने और भूस्खलन का यह भी एक बड़ा कारण है. जोशीमठ के अधिकतर क्षेत्रों में तापमान और हवा की वजह से तेजी से आकार बदलती नीस चट्टानें हैं. यह क्षेत्र में धंसान की एक वजह है.

रांची के बहुचर्चित सोफिया हत्याकांड में...

अफसाना खातून को आखिरी सांस तक उम्र कैद की सजा सुनाई है। दोनों पर 95-95 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर दोनों को अतिरिक्त एक साल की सजा भुगतनी होगी। इस केस की सुनवाई पूरी होने के बाद बीते 25 नवंबर को अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था। यह वारदात 3 जनवरी 2021 को तब सामने आई थी, जब रांची के ओरमांझी में एक युवती की सिरकटी निर्वस्त्र लाश बरामद की गई थी। इस वारदात को लेकर रांची में जनाक्रोश फूट पड़ा था। गुस्साई भीड़ ने रांची के किशोरगंज चौक के पास सड़क जाम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिले पर हमला बोल दिया था। इसके बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया था। सिर कटी होने की वजह से युवती के शव की पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने सिर खोजने वाले को 5 लाख रुपये इनाम देने की भी घोषणा की थी। शव बरामदगी के 10वें दिन 12 जनवरी को पुलिस ने युवती का सिर रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र के चंदवे बस्ती में एक खेत से बरामद किया। उसकी पहचान रांची के चान्हो थाना अंतर्गत चटवल की सोफिया खातून के रूप में हुई। माता-पिता से डीएनए मैच कराया गया, तब जाकर इसकी पुष्टि हुई थी कि सिर और धड़ सोफिया का ही था। पुलिस की तफ्तीश में वारदात का खुलासा हो गया। सोफिया अपने पति को छोड़ कर शेख बेलाल नामक शख्स के साथ अवैध रूप से रह रही थी। बेलाल पहले से शादीशुदा था। सोफिया उस पर पहली पत्नी को तलाक देने का लगातार दबाव बना रही थी। सोफिया ने बेलाल पर दबाव बनाने के लिए आर्म्स एक्ट केस में उसे जेल तक भिजवाया था। बेलाल जब जेल से बाहर आया तो सोफिया उस पर फिर से दबाव डालने लगी। जब बेलाल ने कहा कि वह अपनी पहली पत्नी को नहीं छोड़ सकता तो सोफिया ने दुबारा जेल भिजवाने की धमकी दी। इसके बाद बेलाल ने पहली पत्नी अफसाना खातून के साथ मिल कर सोफिया की हत्या कर दी। धड़ को ओरमांझी के पास फेंक दिया और सिर को एक खेत में दफना दिया। पुलिस ने 14 जनवरी 2021 को शेख बेलाल और उसकी पत्नी अफसाना खातून को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से दोनों लगातार जेल में हैं। वारदात में अदालत में चले मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 19 गवाहों के बयान दर्ज कराये थे, जिसके आधार पर आरोपियों को बीते 25 नवंबर को दोषी करार दिया गया था। इस मामले में गुरुवार को सजा सुनाई गई। बता दें कि इस वारदात में बेहतर अनुसंधान के लिए ओरमांझी थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और सिल्ली के तत्कालीन डीएसपी चंद्रशेखर आजाद को केंद्रीय गृह मंत्री बेस्ट अनुसंधानक का अवॉर्ड मिला था।

राज्यसभा सांसदों के लिए निर्देश जारी

सांसद, खासतौर से विपक्ष के सांसद राज्यसभा में किसी भी महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने का नोटिस सार्वजनिक करते आए हैं. लेकिन अब ऐसा नहीं करना है. साथ ही सदन में थैंक्स, थैंक्यू, जय हिन्द, वंदे मातरम जैसे नारे न लगाए जाएं. सभापति की ओर से दी गई व्यवस्था की सदन के भीतर या बाहर आलोचना नहीं होनी चाहिए. जारी निर्देश में राज्यसभा सदस्यों के लिए अप्रैल 2022 में प्रकाशित हैंडबुक में उल्लेखित संसदीय परंपराओं और तौर-तरीकों को याद दिलाया गया है. सदन में तख्तियां लहराने पर रोक है. साथ ही आसन को पीठ न दिखाई जाए. वहीं, जब सभापति बोल रहे हों तब कोई भी सदस्य सदन न छोड़े. सभापति के बोलते समय सदन में शांति होनी चाहिए. सदन में एक साथ दो सदस्य खड़े नहीं हो सकते. सदस्य सभापति के पास सीधे न आएं, वे अटेंडेंड के हाथों पर्ची भेज सकते हैं. सदस्यों को लिखित भाषण नहीं पढ़ने चाहिए. सदन में सदस्यों की उपस्थिति दर्ज होनी आवश्यक है. अगर बिना अनुमति के कोई सांसद साठ दिनों तक गैरहाजिर रहता है तो उसकी सीट खाली घोषित की जा सकती है.

क्रिसमिस पर कस्टमर्स को दी राहत

आगरा। क्रिसमस का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में 7 दिसंबर तक अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान अपनी किराना जरूरतों को पूरा करना सुनिश्चित करें। सर्दियों के मौसम का लुत्फ उठाएं और अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग मंच पर नीविया, डेल मोंटे, एरियल, आईटीसी और सफोला जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के रोमांचक ऑफर्स के साथ किराना, दैनिक जरूरी सामान, पैकेड बंद फूड, स्नैक्स, पेय पदार्थ और अनाज-दालों सहित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर पाएं 45 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त करें। उपभोक्ता 1 से 4 दिसंबर तक आईसीआईसीआई बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड से न्यूनतम 2500 रुपए की खरीदारी पर इंस्टैंट 10 प्रतिशत 300 रुपए तक का डिस्काउंट हासिल कर सकते हैं।

ताज के पूर्वी गेट पर आवारा श्वान ने पर्यटक पर किया हमला

पैर का मांस खींच ले गया, मची अफरा-तफरी, वीडियो वायरल, नगर निगम कुम्भकरणीय नींद में, हर कोई दहशत में

आगरा। ताजमहल पर जानवर पर्यटकों को लगातार निशाना बना रहे हैं किन्तु एएसआई और जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, इससे आगरा की छवि देश और दुनियां में धूमिल हो रही हैं। यहा बंदरों, सांड़ों एव श्वानों का आतंक बना हुआ, जिन्हें पकडने की जिम्मेदारी नगर निगम की है, किन्तु नगर निगम मात्र फाइलों का पूरा करता है। यथार्थ में ताज के समीप आवारा जानवर एवं बंदर किसी भी समय विचरण करते देखे जा सकते हैं, जिससे यहां आने वाले पर्यटक दहशत में है,। वह आवारा जानवरों को कैमरों में कैद कर अक्सर इंटरनेट पर वीडियो वायरल करते हैं।

बुधवार को ताजमहल के पूर्वी गेट पर कर्नाटक का एक परिवार भ्रमण को आया था, केनू नामक पर्यटक अपने परिवार के साथ यहां खडा हुआ था इसी दौरान एक आवारा श्वान दौडता हुआ आया और केनू पर हमला बोल दिया। श्वान पर्यटक के पैर से मांस खींच ले गया, खून से लथपथ पर्यटक चीखपुकार करता रहा, मौके पर मौजूद लोगों ने केनू को किसी तरह श्वान से बचाया, उसे डंडा लेकर भगाया, लोग श्वास के पीछे भागे, पर्यटक पर हमला होने पर अन्य पर्यटकों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन पर्यटक को हॉस्पीटल ले गया, जहां डॉक्टर ने एंटी रेबीज वेक्सीन दी। ताज महल पर अब तक दर्जनों पर्यटक आवारा जानवरों को शिकार हो चुके हैं इस सबके बावजूद जिला प्रशासन कुम्भकरणीय नींद में हैं। ताज पर बंदरों को आतंक लम्बे समय से बना हुआ है किन्तु प्रशासन के पास इसका कोई इलाज नहीं है। पर्यटक खूंख्वार बंदरों के आतंक का शिकार हो रहे है, जबकि इन्हें पकडने का जिम्मा नगर निगम का है किन्तु निगम प्रशासन गहरी नींद में हैं, मात्र फाइलों पर अधिकारी आंकडे पूरे करते हैं, जबकि जमीनी हकीकत विल्कुल अलग है।

ठंड बढ़ी, गुरूवार की सुबह झमाझम बरसे बादल

फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा, बीमार लोग बचाव करें

आगरा। ताजनगरी में गुरूवार की सुबह झमाझम बारिश से ठंड बढ गई। नवंबर दिन मे गुलाबी मौसम बना हुआ था, किन्तु विगत दो दिनों के बीच अचानक मौसम के पलटी मारने पर दिन का मिजाज बदल गया। ठंड बढने पर दिन में लोग गर्म लिवास में ही घर से बाहर निकले, बच्चे और बुजुर्ग घरों में ही कैद रहे। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि फिलहाल उतार-चढाव जारी रहेगा, बारिश या फिर बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। पहाडों पर भारी बर्फबारी के कारण मौसम ने बदलाव नजर आ रहा है। समूचे उत्तर भारत में तापमान लगातार नीचे जा रहा है, जिससे ठंढ बढ गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिन की अपेक्षा रात को ज्यादा ठंड है। फुटपाथो पर रेन बसेरा करने वाले बेसहारा लोग अलाव के सहारे रात काट रहे हैं ताज नगरी में जगह-जगह मध्य रात्रि को फुटपाथों पर अलाव जलते नजर आ रहे है। दिसबंर में कडाके की सर्दी पडने का अनुमान है।

कैलाश मंदिर पर कॉरिडोर प्रस्तावित, कमिश्नर-डीएम ने किया निरीक्षण

दस दिन में फाइनल प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा

आगरा। आगरा। सिकंदरा स्थित कैलाश मंदिर पर कॉरिडोर प्रस्ताव की प्रगति के संबंध में मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी तथा जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी द्वारा मौके पर निरीक्षण तथा संबंधित विभागों व कैलाश मंदिर के महंतों के साथ बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम मंडलायुक्त ने उप्र पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किये गए कैलाश मंदिर कॉरिडोर प्रस्ताव के प्रस्तुतिकरण को देखा, बैठक में बताया गया कि 1 प्रवेश द्वार, यमुना घाट पर 80 मीटर घाट निर्माण व सौंदर्यीकरण तथा 1 चेंजिंग रूम, 4 छतरी हेतु स्वीकृत प्रस्ताव में प्रवेश द्वार का कार्य जारी है। मंडलायुक्त ने प्रवेश द्वार के साथ साथ यमुना घाट के निर्माण, सौंदर्यीकरण पर भी अति शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने हेतु निर्देश दिए। संयुक्त उप निदेशक,पर्यटन ने बताया कि श्री कैलाश मंदिर के पर्यटन विकास हेतु कॉरिडोर प्रस्ताव में अन्य 40 मीटर और घाट का निर्माण, मंदिर के आंतरिक मार्ग पर शेड व प्रवेश द्वार, कम्युनिटी हॉल, 1 भंडार गृह, 7 छतरी, चेंजिंग रूम, म्युरल पेंटिंग आदि के कार्यों का संशोधित प्रस्ताव प्रेषित किया जाना हैं। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि कैलाश मंदिर की तरफ जाने वाली 4 मीटर अप्रोच रोड़ को 7 मीटर का तथा 1.5 मीटर चैड़े पाथवे का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाना, बैठक में डीएफओ ने अवगत कराया कि वन विभाग द्वारा एक गार्डन का विकास किया जाना, लाइट, विद्युत पोल इत्यादि कार्य किए जाने की कार्य योजना शामिल की गई है। मंडलायुक्त ने पर्यटन, लोक निर्माण, वन विभाग इत्यादि विभागों के द्वारा अलग अलग कराए जाने वाले कार्यों के संपूर्ण प्रस्तावों को समन्वित कर कंसल्टेंट फर्म से परामर्श कर पर्यटन विभाग द्वारा एक एकीकृत प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए तथा प्रस्ताव में,कॉरिडोर में दर्शनार्थ-श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मंडलायुक्त महोदया ने प्रस्ताव को संशोधित कर इसमें सामुदायिक शौचालय, ड्रेनेज सिस्टम,पार्किंग की व्यवस्था करने और सड़क किनारे से लेकर घाट तक डेकोरेटिव पोल, फसाड़-म्यूरल लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण किये जाने की कार्य योजना को भी शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही संयुक्त निदेशक पर्यटन को 10 दिन में फाइनल कॉरिडोर प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजने को कहा। बैठक में श्री कैलाश मंदिर, को नगर निगम क्षेत्र में शामिल किए जाने हेतु नगरायुक्त को प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करने को मंडलायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए। तथा कैलाश मंदिर मार्ग पर साफ सफाई सुनिश्चित करने, बंदर व निराश्रित गौवंश की समस्या पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

शमसाबाद रोड पर अवैध कॉलोनी को ढहाया

आगरा। एडीए प्रवर्तन दल ने गुरूवार को बरौली अहीर ब्लॉक शमसाबाद रोड स्थित कमल किशोर उर्फ टीटू एवं महाराज सिंह ने संयुक्त रूप से करीब चार बीघा जमीन पर कॉलोनी का निर्माण कर लिया, नव विकसित कॉलोनी चहुंओर वाउंड्रीवाल एवं प्लाटिंग कर दी गई, निर्माण कार्य जारी था, लोगों को प्लाट बेच दिये, जहां रोड आदि बनाने को रेत डाला जा रहा था। उक्त लोग कॉलोनी को बगैर ले-आउट के बना रहे थे। जानकारी होने पर एडीए ने नोटिस थमा दिया किन्तु उसका जबाव नहीं दिया गया। समय-सीमा समाप्त होने पर गुरूवार को प्रवर्तन दल मौके पर पहुचा, भूस्वामी से ले-आउट दिखाने को कहा गया किन्तु वह ले-आउट पेश नहीं कर सके, इस पर प्रवर्तन दल ने कार्यवाही करते हुए नव विकसित कॉलोनी को ध्वस्त करा दिया, देखते ही देखते महाबली ने निर्माण को जमीदोज कर दिया। तोडफोड के दौरान मौके पर गांव वालों की भीड जमा हो गई। एडीए प्रवर्तन दल अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य से पूर्व ले-आउट जरूरी है, इसके बगैर निर्माण अवैध माना जायेगा, इसलिए किसी भी निर्माण कार्य से पूर्व नक्शा पास करायें वरना उसे ध्वस्त करा दिया जायेगा। ताजनगरी में अब तक करीब चार दर्जन अवैध कॉलोनी ध्वस्त की जा चुकी है।

बारिश के दौरान बैद्य गली में छज्जा गिरा, बड़ा हादसा होने से बचा

स्थानीय लोगों ने नगरायुक्त से जर्जर मकान गिराने की मांग की

आगरा। गुरूवार को रावतपाडा स्थित बैद्य वाली गली में बड़ा हादसा होने से बच गया। सुबह झमाझम बारिश के बीच जर्जर मकान का एक छज्जा नीचे आ गिरा, जिससे लोग हताहत होने से बच गए। छज्जा गिरने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने जर्जर मकान का गिराने की मांग की है वरना यहां किसी भी समय बडा हादसा हो सकता है। वैद्य गली में लल्लन गुरू का मकान है जो कि जर्जर हो चुका है। मकान अंग्रेजों के जमाने का है किन्तु इसकी देखभाल नहीं की गई, मकान के छज्जे जर्जर हो चुके हैं, यही छज्जा गुरूवार को बारिश के दौरान भरभरा कर नीचे आ गिरा, गनीमत तो यह रही कि उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था वरना उसकी जान पर बन आती। छज्जा गिरने पर मलवा चहुंओर फैल गया, इससे रास्ता ब्लॉक हो गया। स्थानीय दुकानदार एवं आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। यह मकान बेहद जर्जर हालत में है जो किसी भी समय गिर सकता है। जर्जर मकान में परिवार रहता है, ऐसे में बडा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि बैद्य जी के जर्जर मकान को ध्वस्त किया जाये, जिससे कोई बडा हादसा न होने पाये। पुराने शहर में दर्जनों मकान ऐसे हैं जो की सैकडों वर्ष पुराने है। इन भवनों में कई परिवार रहते है, जर्जर भवन को रिपेयर नहीं कराया गया है, जिससे वह गिरासू हालत में है, ऐसे में किसी भी समय हादसे का अंदेशा बना रहता है किन्तु नगर निगम का इस ओर ध्यान नहीं है। ऐसे मकानों को रावतपाडा, कचहरी घाट, पीपल मण्डी, माल का बाजार, कश्मीरी बाजार, फुलट्टी, नाई की मण्डी, मंटोला एवं कोतवाली क्षेत्र में कई मकान जर्जर हो चुके हैं।

एडीए के दो अभियंता रिटायर्ड हुए

विदाई समारोह में दी भावभीनी विदाई, आंखे हुई नम

रिटायर्ड अभियंताओं को दी भावभीनी विदाई।

आगरा। गुरूवार को एडीए के दो अभियंता पीवी यादव एवं यूएन पाण्डेय रिटायर्ड हो गए। उनका एडीए परिसर में विदाई समारोह मनाया गया। रिटायर्ड अभियंताओं को शॉल उढा कर एवं बुके भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर एडीए के वरिष्ठ अधिकारी सोमकमल सीताराम ने कहा कि पीवी यादव एवं यूएन पाण्डेय ने समूचे कार्यकाल में निष्कलंक पारदर्शिता के साथ कार्य किया, साथ ही अधीनस्थ कर्मियों का ख्याल रखा, उनकी समस्याओं को खुद की समस्या समझ कर दूर कराया, जिससे वह हर किसी के चहेते बने रहे। आज वह रिटायर्ड हो चुके है, लेकिन उनका कार्य और व्यवहार सदैव याद रहेगा। विदाई के दौरान दोनों अभियंता भावुक हो गए, उन्होंने कहा कि लम्बे समय तक साथ-साथ कार्य करने पर स्टाफ फैमिली का सदस्य हो जाता है, आज वह फैमिली के सदस्य से अलग हो रहे है, जिसका दर्द महसूस किया जा सकता है।

विदाई समारोह में वरिष्ठ अधिकारीगण सोमकमल सीताराम, सतीश राजपूत, वीएन सिंह, सतीश कुमार, राजकपूर, सत्येन्द्र सोलंकी, मनोज राठौर आदि प्रमुख थे, विदाई समारोह में कर्मचारीण भी मौजूद रहे, जिन्होंने पुष्प हार भेंट कर विदा किया, साथ ही उनके स्वस्थ्य एवं लम्बे जीवन की कामना की।

कांग्रेस ने भाजपा पर बोला हमला

चुनावी राज्यों में सस्ती गैस दिये जाने की घोषणा, यूपी में भी सस्ते दामों में गैस सिलेण्डर दिये जाने की मांग

आगरा। कांग्रेस नेताओं ने गुरूवार को भाजपा पर जमकर हमला किया, स्थानीय नेताओं ने सस्ते गैस सिलेण्डर को लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाजी जमील सहित अन्य दर्जनों नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया, हाजी जमील का कहना था कि भाजपा चुनावी राज्यों में सस्ते गैस सिलेण्डर दिये जाने की घोषणा कर चुकी है किन्तु जिन राज्यों मे चुनाव नहीं हैं, वहां की जनता को सस्ते गैस सिलेण्डर क्यों नहीं दिये जा रहे, यह भाजपा की दोहरी नीति को दशार्ती है। कांग्रेस नेताओं ने राज्य एवं केन्द्र सरकार से पुरजोर मांग की कि यूपी में सस्ते गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाएं। यूपी के लोग महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, आटा-दाल के भाव बढते जा रहे हैं किन्तु इस ओर योगी सरकार का ध्यान नहीं हैं। चुनावी राज्यों में गैस सिलेण्डर 400 रूप्ये दिये जाने की घोषणा कर दी है किन्तु अन्य राज्यों में गैस सिलेण्डर हजार रूप्ये का मिल रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने को लुभावनी घोषणाएं कर सत्ता हथियाना चाहती है किन्तु जनता अब उसकी करनी और कथनी को समझ चुकी है। यदि भाजपा महंगाई से आम लोगों को राहत दिलाना चाहती है तो गैस सिलेण्डर सस्ते किये जायें जिससे लोगों को बढती मंहगाई के बीच आंशिक राहत मिल सके।

वाहन चलाते समय सावधानी बरतें

आगरा। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के 'तनाव और सड़क सुरक्षा' विषय पर कार्यशाला का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आगरा कॉलेज के ऑडिटोरियम में गुरुवार को किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस आयुक्त केशव कुमार चौधरी ने तनाव युक्त मस्तिष्क के साथ वाहन न चलाने तथा ऐसी स्थिति में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अरुण चंद्र ने सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी, समझदारी एवं समन्वय के सूत्र को लागू करने की सलाह दी। प्राचार्य प्रो. अनुराग शुक्ल ने रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों की सराहना की। संयोजक डॉ. शिव कुमार सिंह ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. रचना सिंह, डॉ. अनुराग पालीवाल, डॉ. अरविंद गुप्ता, प्रो. अमित अग्रवाल का भी योगदान रहा।

फतेहपुर सीकरी में लपकों का आतंक

थाना पुलिस मूकदर्शक, पर्यटकों से आए दिन अभद्रता,

फतेहपुर सीकरी। सीकरी में लपकों का आतक बना हुआ है किन्तु पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है, इससे फतेहपुर सीकरी की छवि धूमिल हो रही है। सीकरी स्मारक में कई घटनाएं भी हो चुकी है, हालात यह है कि यहां लपके देशी- विदेशी पर्यटकों से दुर्व्यवहार करते हैं। लपकों के साथ अवैध गायड भी आतंक मचाए हुए हैं। सीकरी में लपकों का आतंक इसी बात से समझा जा सकता है कि आगरा जयपुर हाइवे पर लपके मोटर साइकिलों से पर्यटकों की गाड़ियों को घेर लेते है और उन्हें अपनी बातों में उलझाकर अनाधिकृत रूप से धन की उगाही करते है। फतेहपुर सीकरी में प्रवेश करने से पहले ही पेट्रोल पंप के पास बाईपास पर लपके खड़े नजर आते है। इसी दौरान जैसे ही पर्यटक गाड़ी आती है, लपके उसके पीछे लग जाते है। बाइक से पीछा कर जबरदस्ती गाड़ियों को रुकवा कर उन्हें अपनी बातों में फसाते हैं फिर खरीदारी को दुकानों पर ले जाते हैं, जहां से उन्हें मोटा कमीशन मिलता है। दुकानदार पर्यटकों की जेब पर डाका डालते हैं, हालात यह है कि लपके पर्यटक से पैसे ऐंठ कर फरार हो जाते है, इससे फतेहपुर सीकरी की छवि धूमिल हो रही है किन्तु इस ओर जिला प्रशासन एवं पुलिस का ध्यान नहीं है। कई बार लपके पर्यटकों से मारपीट तक कर चुके हैं। सीकरी में निहारने के लिए दो जगह है, जहां मस्जिद परिसर में पर्यटक निशुल्क घूमता है तो वही महल परिसर में देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए निर्धारित फीस की टिकट लेनी पड़ती है। महल परिसर में अवैध गाइडों, लपकों) का प्रवेश वर्जित है। यहां सिर्फ सरकार से मान्यता प्राप्त गाइड ही पर्यटक के साथ प्रवेश करते है किन्तु अवैध गाइड और लपके यहां प्रवेश कर जाते हैं। सीकरी में बाहर पर्यटकों के लिए गुलिस्ता पार्किंग की व्यवस्था है। पार्किंग परिसर में ही मान्यता प्राप्त गाइडों को बैठने का भी स्थान है। पार्किंग स्थल में टूरिस्ट की गाड़ी आने के बाद पर्यटकों को आगरा डवलपमेंट ऑथोरिटी द्वारा संचालित सीएनजी की बसों से पर्यटकों को महल परिसर तक घुमाने ले जाया जाता है। थानाध्यक्ष फतेहपुर सीकरी धर्मेद्र धहिया ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है, अगर ऐसा हो रहा है तो लपकों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

सीकरी में सामुदायिक शौचालय वर्षों से बंद पड़ा

पर्यटक परेशान, अधिकारी कुम्भकरणीय नींद में

फतेहपुर सीकरी में जीर्णशीर्ण शौचालय।

फतेहपुर सीकरी। योगी सरकार पर्यटन स्थलों पर घूमने आने वाले सैलानियों व यात्रियों के लिए तमाम सुविधाएं देने के लिए पानी की तरह रुपए खर्च कर रही है। वहीं फतेहपुर सीकरी में बस स्टैंड के समीप बना सामुदायिक शौचालय वर्षो से बंद पड़ा हुआ है। हैरानी की बात है कि बस स्टैंड के गेट के समीप बने शौचालय में भी गेट नहीं है जिससे महिलाएं शर्मसार होती हैं। यहा के स्थानीय लोगों ने इसकी कई दफा शिकायंत की है इसके बावजूद भी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व चेयरमेन उदासीन बने हुए हैं। बताते चलें कि विश्व पटल पर फतेहपुर सीकरी पर्यटन नगरी के रूप में एक अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। स्मारकों के प्रचार प्रसार से लेकर कई सुविधाओं को लेकर प्रदेश सरकार भी पर्यटक ,सैलानियों और यात्रियों के प्रति गंभीर है। हैरानी की बात है कि बस स्टैंड के समीप व स्मारकों को जाने वाले रास्ते पर बना सामुदायिक शौचालय विगत कई वर्षो से बंद पड़ा हुआ है, साथ ही बस स्टैंड के गेट के समीप शौचालय भी बिना गेट के खुला पडा है जिससे बस स्टैंड पर आने वाली महिलाएं शर्मसार होती हैं, साथ ही दुकानदारों ,व्यापारियों, बाजार में रोजमर्रा का सामान लेने आने वाले ग्रामीण भी सामुदायिक शौचालय बंद होने से परेशान हैं। समाजसेवी अरविन्द चाहर मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

ICICI Home Finance **कारपोरेट कार्यालय:**-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।

शाखा कार्यालय:- ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा- 282002

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/ गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	अजीत गौतम (कर्जदार) रजनी गौतम (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHAGR00001446678	मकान जो प्लाट नं०-68 पर बना है स्थित खसरा नं० 151 मौजा कलवारी, तहसील और जिला आगरा उदयोगनगर 1 आगरा उत्तर प्रदेश 282007	रू. 22,63,856/- 22 नवम्बर 2023	रू. 18,40,725/- रू. 1,84,080/-	11 दिसम्बर 2023 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	19 दिसम्बर 2023 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट (**URL Link-/https:// BestAuctionDeal.com**) हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक पर संचालित की जायेगी/बंधक कर्ताओं को **18 दिसम्बर,2023** तथा **अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा**- 282002 पर **18 दिसम्बर,2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न** 04.00 बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड ऑफिस नंबर-8, दूसरी मंजिल, सुमृद्धि बिजनेस सूट, 38/4-ए, संजय प्लेस आगरा**- 282002 पर **18 दिसम्बर,2023** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.)**आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड- आक्शन** के पक्ष में आगरा में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**- स्थान **आगरा** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्तें अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **022-69974300** या हमारे सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार **नैक्सजेन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड** से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तों हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: 01 दिसम्बर 2023
स्थान: आगरा

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड